मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com    www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–18, अंक–12, मार्च 2018

**किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545**

## बेस्ट रूफिंग का श्रेष्ठ सोल्यूशन

KAMDHENU SHRESTH GC SHEETS

### कामधेनु श्रेष्ठ जीसी शीट्स बिहार में लॉन्च

उत्पादों की उच्च गुणवत्ता और ग्राहक संतुष्टि को पूरा करते हुए कामधेनु लिमिटेड ने हमेशा ही उत्कृष्ट उत्पादों को पेश किया है। अपने इन्हीं प्रयासों से कंपनी दो दशक में ही देश के सबसे प्रतिष्ठित ब्रांड्स में शामिल हो गई है। ऐसे ढेरों प्रतिष्ठित अवार्ड अपने नाम किए जिन्होंने कंपनी के उत्पादों और कंपनी की क्षमता को बेहतर ढंग से प्रमाणित किया। कंपनी ने प्रतिष्ठित व उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की शृंखला में हमेशा ही R&D आधारित नये उत्पादों को पूरे देश में समय–समय पर लॉन्च किया।

इसी क्रम में कंपनी ने बिहार में बेस्ट रूफिंग सोल्यूशन उपलब्ध कराने के लिए GC शीट्स को लॉन्च किया। **कामधेनु श्रेष्ठ** GC शीट्स के नाम से लॉन्च इस उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद को कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल जी ने पटना के होटल पनाचे में चैनल पार्टनर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स और डीलर्स के सम्मुख पेश किया। इस लॉन्चिंग इवेंट में बिहार के मुख्य डीलर्स एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स मौजूद थे।

कामधेनु श्रेष्ठ GC शीट्स को लॉन्च करते हुए कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल जी ने कहा, ''हम आज कंपलीट रूफिंग सोल्यूशन की ओर बढ़ रहे हैं। कामधेनु श्रेष्ठ GC शीट्स एक हाई क्वालिटी उत्पाद है जो एक किफायती कीमत पर लोगों को रूफिंग का बेस्ट एवं टिकाऊ सोल्यूशन देता है। उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को पूरे राज्य में पहुंचाने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत हम हमेशा ऐसे उत्पादों को पेश करते रहेंगे जो तेज विकास में कारगर हो।'' आगे कहते हुए श्री अग्रवाल ने कहा, हम आज देश में शीट्स के दोनो प्रारूप GC शीट्स और कलर कोटेड शीट्स को बड़े पैमाने पर उपलब्ध करा रहे हैं।







यहाँ कंपनी के पदाधिकारियों में श्री एस.बी. शर्मा (सीनियर जीएम), श्री भास्कर चौधरी (जीएम मार्केटिंग) एव श्री संतोष सिंह (सीनियर मार्केटिंग मैनेजर, बिहार) सम्मिलित हुए। श्री भास्कर चौधरी जी ने डिस्ट्रीब्यूटर्स और डीलर्स को संबोधित करते हुए कहा, ''कामधेनु श्रेष्ठ GC शीट्स किफायती होने के साथ ही उच्च गुणवत्ता वाली है जो ग्राहकों की निर्माण की आवश्यकताओं को पूरा करने की क्षमता रखती है। इसकी खासियतों से हम इसे कंपलीट रूफिंग सोल्यूशन कह सकते है।''

लाइसेंस अग्रीमेंट के जरिए **कामधेनु श्रेष्ठ GC शीट्स** और कामधेनु कलर मैक्स कलर कोटेड शीट्स का निर्माण करने वाली कंपनी मेसर्स सर्राफ रियल इंफ्रा के एमडी श्री बासुदेव जी ने कामधेनु के दोनों शीट्स उत्पादों की खासियतों को विस्तार से बताया। इसके साथ ही उन्होंने इसके विभिन्न उपयोगों को सभी के साथ साझा किया। लोगों तक इसकी आसान पहुंच के लिए बेहतर नीतियों को बताते हुए इसके मार्केटिंग कांसेप्ट को भी साझा किया।

# सौर ऊर्जा
## का अंतर्राष्ट्रीय केंद्र बना भारत

11 मार्च को देश में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) की पहली समिट का आयोजन हुआ। इस आयोजन के साथ ही भारत अंतर्राष्ट्रीय सौर ऊर्जा का केंद्र बन गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मादी ने अपने दूरगामी दृष्टिकोण से भारत को सौर ऊर्जा का अगुवा बनाने की कोशिश की और फ्रांस के सहयोग से 30 नवंबर 2015 को पैरिस में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को एक मंच पर लाने का प्रयास किया। मोदी की पहल से विश्व के देश प्रभावित हुए और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में मोदी के विज़न को सहमति प्रदान की। इस अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन के पहले सम्मेलन में फ्रांस, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया सहित 23 देशों के राष्ट्राध्यक्ष, 10 देशों के मंत्री और 121 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

इस सम्मेलन की सह–अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैन्युएल मैक्रों ने की। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सम्बोधन में देश में सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली की परियोजनाओं को बढ़ाने के साथ किफायती दर पर लोगों के लिए उपलब्ध करवाने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने अक्षय ऊर्जा से वर्ष 2022 तक 175 गीगावॉट बिजली के उत्पादन की प्रतिबद्धता जताई। भारत की सराहना करते हुए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैन्युएल मैक्रों ने कहा कि पेरिस सम्मेलन में, भारत ने यह दिखाया कि यह जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि भारत की प्रतिबद्धता को धन्यवाद, जिसकी वजह से हम एक महत्वाकांक्षी, ईमानदार और गतिशील सहमति पेरिस में हासिल कर सके जो कि पूरी मानवता के लिए लाभकारी होगा।

इस गठबंधन के निर्माण में फ्रांस का सहयोग सराहनीय रहा। 25 जनवरी 2016 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति फ्रांस्वा ओलांद ने संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन मुख्यालय की आधारशिला रखी थी। इसका वर्तमान मुख्यालय राष्ट्रीय सौर उर्जा संस्थान, ग्वालपहाड़ी, गुड़गांव में बनाया गया है।



## निशानेबाजी विश्व कप 2018 में भारत टॉप पर



मेक्सिको में 1 मार्च से 12 मार्च तक चले इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (ISSF) के शूटिंग वर्ल्ड कप में भारत ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया। इस वर्ल्ड कप में भारतीय निशानेबाजों ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4 गोल्ड, 1 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल जीता। अखिल शेरोन, मानु भाकेर, शहजर रिजवी और ओमप्रकाश मिथरवाल ने भारत को गोल्ड जिताया। अंजुम मुदि्गल ने भी उम्दा प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल देश को दिलाया। इसके साथ ही मेहुली घोष, जीतू राय, रवि कुमार और संजीव राजपुत ने ब्रॉन्ज जीता।

संयुक्त राज्य अमरिका (यूएसए) इस वर्ल्ड कप में दूसरे स्थान पर रहा। यूएसए ने 3 गोल्ड के साथ कुल 6 पदक जीते। वहीं 5–5 पदकों के साथ चीन और फ्रांस तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। इस वर्ल्ड कप में हरियाणा की मानु भाकेर और पश्चिम बंगाल की मेहुली घोष ने अपने उम्दा प्रदर्शन से सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। भारतीय दल में शामिल ये दोनों ही युवा खिलाड़ी मात्र 16 वर्ष की हैं।

# फ्रेब्रिकेटर्स मीट का आयोजन

देश में इंफ्रास्ट्रक्चर की प्रमुख कंपनी कामधेनु लिमिटेड आज अपने नये इनोवेशन के लिए भी पहचानी जा रही है। कंपनी का ये इनोवेशन न सिर्फ कंपनी के उत्पादों में दिख रहा है बल्कि कंपनी के व्यवसायिक व्यवहार में भी दिख रहा है। कंपनी आदर्श नीतियों का निर्माण कर निर्माण से जुड़े हर वर्ग तक सही जानकारी को पहुंचाने का प्रयास कर मोटिवेट कर रही है।

इसी के तहत कंपनी ने उत्तराखंड के फेब्रिकेटर्स को प्रोत्साहित करने के लिए 17 फरवरी को ''फेब्रिकेटर्स मीट'' का आयोजन किया। इस मीट को कंपनी ने उत्तराखंड के बद्रीनाथ मार्ग पर स्थित खूबसूरत होटल, चाहत एवं रेस्टोरेंट में आयोजित किया। इस सम्मेलन में 50 फेब्रिकेटर्स सम्मिलित हुए। यहाँ पर कंपनी के पदाधिकारियों ने फेब्रिकेटर्स को निर्माण की आधुनिक जरूरतों से अवगत कराया। इसके साथ ही कंपनी के बेहतरीन इस्पात उत्पाद कामधेनु **कलर मैक्स कलर कोटेड शीट्स** की भी जानकारी फेब्रिकेटर्स को दी गई।

यहाँ पर कंपनी की ओर से सम्मिलित श्री कवित कुमार (सीनियर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव) ने फेब्रिकेटर्स को एक कंपलीट रूफिंग सोल्यूशन की तर्ज पर प्रसिद्ध कामधेनु कलर मैक्स कलर कोटेड शीट्स के विषय में विस्तार से बताया। पीपीजीआई और पीपीजीएल का उपयोग कर कामधेनु लिमिटेड मैक्स कलर कोटेड शीट्स का निर्माण कर रही है, जो लोगों को पूरी संतुष्टि के साथ जीवन भर का साथ देते हैं। इस सफल फेब्रिकेटर्स मीट का पूरा व्यय कंपनी के फ्रेंचाइजी पार्टनर्स मेसर्स कुनाल डेकोर्स ने उठाया।

इस सम्मेलन में कंपनी के डीलर्स श्री विक्की अस्वाल ने कहा, ''कामधेनु लिमिटेड बेहतरीन क्वालिटी के कलर कोटेड शीट्स का निर्माण कर प्रतिस्पर्धी कीमत पर ग्राहकों को उपलब्ध करा रही है। इस कामधेनु कलर मैक्स कलर कोटेड शीट्स को नजदीकी डीलर्स से आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।''







# विकास को गति देने सम्मिलित हुए फेब्रिकेटर्स

विकास के पथ पर आगे बढ़ते हुए देश की अग्रणी कंपनी कामधेनु लिमिटेड कंपनी से जुड़े हर तबके के विकास की दिशा में भी कार्य कर रही है। कंपनी निर्माण कार्य में अहम भूमिका का निर्वाह करने वाले फेब्रिकेटर्स को बेहतर ढंग से मोटिवेट कर रही है ताकि वो विकास में अपने योगदान को और सृजनात्मक तरीके से कर सके। कंपनी ने अपने इस उद्देश्य के तहत हरियाणा के फरीदाबाद में 23 फरवरी को फेब्रिकेटर्स मीट आयोजित किया।

इस सम्मेलन में फरीदाबाद के फेब्रिकेटर्स उत्साह के साथ सम्मिलित हुए और कंपनी द्वारा किए जा रहे कार्यों से प्रेरित हुए। यहाँ 25 से ज्यादा फेब्रिकेटर्स इस सम्मेलन का हिस्सा बने और **कामधेनु कलर मैक्स कलर कोटेड शीट्स** के तकनीकी पहलुओं को जाना। इस उत्पाद की गुणवत्ता और टिकाऊ क्षमता को जान सभी इस शीट्स के मुरीद हुए।

यहाँ कामधेनु लिमिटेड के मार्केटिंग जी.एम. श्री भास्कर चौधरी जी ने कहा, ''हम कंपनी के विकास में डीलर्स और फेब्रिकेटर्स के विकास की सराहना करते हैं। आप दोनों ही सेल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देते है। यदि आप दोनों एक यूनिट की तरह मिलकर कार्य करे तो कामधेनु कलर मैक्स शीट्स की मांग को अभूतपूर्व तरीके से बढ़ाया जा सकता है।''

फेब्रिकेटर्स मीट में कंपनी के पदाधिकारियों में श्री रवि शंकर (असिस्टेंट मैनेजर), श्री हेम चंदर भट (मार्केटिंग कोऑर्डिनेटर) और डीलर श्री प्रमोद गर्ग जी भी सम्मिलित हुए। यहाँ श्री रवि भांकर जी ने कलर मैक्स शीट्स के तकनीकी विशेषताओं को फ्रेब्रिकेटर्स के साथ साझा किया और उत्पाद की गुणवत्ता को लेकर आश्वस्त किया। तत्पश्चात श्री हेम चंदर जी ने कंपनी के दृष्टिकोण को रखते हुए कलर मैक्स की खासियतों को बताया और सेल्स को नई ऊँचाई पर ले जाने के लिए मार्केटिंग टिप्स दिए। इस सफल फ्रेब्रिकेटर्स मीट का आयोजन कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर पूरन चंद एंड सन्स ने किया।

इस सफल आयोजन में कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर श्री प्रमोद गर्ग जी ने कहा, ''कामधेनु कलर मैक्स कलर कोटेड शीट्स प्रतिस्पर्धी कीमत पर नजदीकी डीलर के पास मौजूद है और यहाँ पर आपको इस शीट्स की विस्तृत रेंज मिलेगी जिससे आपको बेहतर गुणवत्ता के साथ बेहतरीन लाभ का अवसर भी मिलता है।''

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.03.2018



# जैसलमेर और जोधपुर की सैर पर दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के डीलर्स



देश में निर्माण क्षेत्र की अग्रणी कंपनी कामधेनु लिमिटेड के टीएमटी ब्रांड आज देश के सबसे बड़े एवं भरोसेमंद ब्रांड है। देश के टीएमटी के सबसे बड़े ब्रांड बनने में कंपनी ने हमेशा इनोवेशन को आगे रखा ताकि उत्पाद को गुणवत्ता के नए शिखर पर ले जाया जा सके। कपनी ने इनोवेशन को दो रूपों में शामिल किया पहले तकनीकी और दूसरा व्यवहारिक तौर पर। व्यवहारिक तौर पर जब कंपनी ने इनोवेशन को लागू किया तो उसका परिणाम कंपनी के ग्रोथ मे सीधे तौर पर देखने को मिला। इसके तहत कंपनी ने डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को बेहतर इंसेंटिव और टूर पैकज दिए ताकि वे ऊर्जान्वित होकर पूरे जोश के साथ कंपनी के विकास में योगदान दे। इसके साथ ही टारगेट को पूर कर नए कीर्तिमान स्थापित करे।

इसी आदर्शवादी व्यवहारिक नीतियों के तहत कंपनी ने दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के टीएमटी डीलर्स के लिए 7 दिन के टूर को आयोजित किया। 24 जनवरी से 30 जनवरी तक चले इस बेहतरीन टूर में इन डीलर्स ने देश के ऐतिहासिक शहर जोधपुर और जैसलमेर की सैर की। इस टूर में कंपनी के 150 डीलर्स सम्मिलित हुए। इन दोनों शहरों के टूर के साथ कंपनी ने डीलर्स को जमीन से जोड़ने का प्रयास किया ताकि डीलर्स विकास तो करे मगर अपने आदर्शों से जुड़े रहें जो उन्हें और कंपनी को टिकाऊ विकास की ओर ले जाएंगे। इस टूर के साथ कंपनी ने डीलर्स को देश की ऐतिहासिक भव्यता से भी रूबरू कराया।

इस बेहतरीन टूर में कंपनी ने डीलर्स के साथ उनकी फैमिली के लिए भी पूरी व्यवस्था की और उन्होंने भी इस पूरे मोटिवेशनल टूर का भरपूर आनंद लिया। टूर के पहले पड़ाव में डीलर्स जैसलमेर के खूबसूरत होटल डेजर्ट ट्यूलिप में रुके और वॉर (युद्ध) म्यूजियम को देखा और साथ ही यहाँ स्थित देश–विदेश में विख्यात "तनोत माता मंदिर" के दर्शन किए। सभी इस मंदिर के रोचक तथ्य को जानकर हैरान रह गए। यह मंदिर लगभग 1200 वर्ष पुराना है और 1965 के युद्ध में पाकिस्तान ने 3000 बम गिराए थे जो बेअसर हो गए थे और मंदिर परिसर में गिराए 450 बम फटे तक नहीं। इसके बाद सभी ने थार रेगिस्तान के मशहूर विंड डेजर्ट केंप का आनंद लिया।

दूसरे पड़ाव में डीलर्स जोधपुर के होटल इंडियाना पैलेस में रूके और जोधपुर के प्रसिद्ध उमैद भवन पैलेस की भव्यता को करीब से देखा। इस टूर में कंपनी के पदाधिकारियों में श्री अमित सुरौठिया (सीनियर मार्केटिंग मैनेजर), श्री सौरव सुमन (असिस्टेंट मार्केटिंग मैनेजर) एवं विशाल शर्मा (मैनेजर सेल्स) सम्मिलित हुए और डीलर्स को आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। कंपनी के डिस्ट्रीब्यूशन चैनल में अहम भूमिका निभाने वाले डिस्ट्रीब्यूटर्स श्री अरुण बियानी जी, श्री राजन दुआ जी और श्री सुमित गोयल जी ने भी इस टूर का भरपूर आनंद लिया।



श्री अमित सुरौठिया (सीनियर मार्केटिंग मैनेजर) जी ने कहा, "हमारा हमेशा प्रयास रहता है कि हम आप तक बेहतर इंसेटिव को पहुंचाए ताकि आप मोटिवेट होते रहें और नये टारगेट को पूरा करते रहें। साथ ही कंपनी के विकास के साथ स्वयं को भी लाभान्वित करते रहें।"

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

**श्री प्रेम कुमार**
**मेसर्स श्री वृन्दावन मार्केटिंग**
चुरूवाली गली, डी.एन. कॉलेज रोड,
हिसार, हरियाणा
मो. 9896310601

**श्री अरूण मित्तल**
**मेसर्स अरूण ट्रेडिंग कं. एण्ड राज हार्डवेयर स्टोर**
शॉप नं. 20, त्रिखा कोलोनी टोगांव रोड
नियर एसआरएस वैल्यू बाजार, बल्लभगढ़
मो. 9891202148

**श्री पुनीत कुमार**
**मेसर्स धरम चन्द प्रदीप कुमार**
मैन बाजार, लोहारू, भिवानी, हरियाणा
मो. 9896463555

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by Kamdhenu Limited, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com